

**कोरोना के साए में इंडिया ए टीम!**

टीम इंडिया को दक्षिण अफ्रीका में तीन टेस्ट, तीन वनडे और चार टी–20 मैच की सीरीज खेलनी है, इस दौरे की शुरुआत 17 दिसंबर से हो रही है। वैसे सीनियर टीम से पहले ही भारत की ए टीम वहां जा चुकी है। जहां उसे चार दिवसीय तीन अभ्यास मैच खेलने हैं। सीनियर टीम में चुने गए कई खिलाड़ियों को इंडिया ए टीम में जगह मिली है ताकि वह हालातों से वाकिफ हो सके।

## दक्षिण अफ्रीका में कोरोना के नए वेरिएंट ने डराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साल 2020 पूरी तरह कोरोना वायरस की भेंट चढ़ चुका था। लोग बंद कमरों में रहने को मजबूर थे। करोड़ों लोग इसकी चपेट में आए। भारत में लगभग पांच लाख लोग इस अनजान बीमारी से मारे गए तो दुनिया भर में 52 लाख से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। जैसे–तैसे जिंदगी सामान्य तरीके से चलनी शुरू हुई ही थी कि अब दक्षिण अफ्रीका में कोरोना का नया वेरिएंट पाया गया है। इस नए वेरिएंट के बाद दक्षिण अफ्रीकी सरकार हाई–अलर्ट पर चले गई है। बाहर से आने वाले यात्रियों की सख्ती से कोविड जांच हो रही है। ऐसे में टीम इंडिया का आगामी साउथ अफ्रीका दौरा भी खतरे में नजर आ रहा है। ब्रिटेन सरकार ने तो दक्षिण अफ्रीका और पांच अन्य दक्षिणी अफ्रीकी देशों से उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया। इतना ही नहीं जो कोई भी हाल में उन देशों से आया है, उसे कोविड–19 संबंधी टेस्ट भी करवाना होगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि दक्षिण अफ्रीका के सबसे ज्यादा आबादी वाले प्रांत गौतेंग में युवाओं में यह वेरिएंट तेजी से फैल रहा है।

# कानपुर टेस्ट के दूसरे दिन भारत की हर चाल फेल

**क्रिकेट**

### न्यूजीलैंड ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक बिना किसी नुकसान के 129 रन बनाए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कानपुर। सलामी बल्लेबाजों विल यंग और टॉम लाथम की उम्दा अर्धशतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक बिना किसी नुकसान के 129 रन बना लिए। लाथम ने 165 गेंदों में 4 चौके की मदद से नाबाद 50 रन बनाकर खेल रहे हैं, जबकि विल यंग 180 गेंदों में 12 चौके की मदद से नाबाद 75 रन बनाए हैं। श्रेयस अय्यर के पदार्पण टेस्ट में शतक को छोड़कर दूसरे दिन का खेल न्यूजीलैंड के नाम रहा।

इससे पहले तेज गेंदबाज टिम साउदी के पांच विकेट की मदद से भारत को 345 रन पर आउट कर दिया था। पहले दिन काइल जैमीसन के बाद दूसरे दिन साउदी ने पहले सत्र में गेंदबाजी में दबदबा बनाया तो दूसरे सत्र में बल्लेबाजी में यंग और लाथम ने भारत के





अनुभवी गेंदबाजों को दबाव नहीं बनाने दिया। ईशांत शर्मा की रफ्तार भी उनकी राह नहीं रोक सकी और रविचंद्रन अश्विन की फिरकी भी नहीं। यंग ने 180 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 75 रन बना लिए हैं जबकि लाथम 165 गेंद में 50 रन बनाकर खेल रहे हैं जिसमें चार चौके शामिल हैं। न्यूजीलैंड की टीम भारत के पहली पारी के स्कोर से 216 रन पीछे है और उसके सारे विकेट सुरक्षित हैं। कीवी बल्लेबाजों ने पगबाधा के तीन फैसलों के खिलाफ डीआरएस अपील की और कामयाब रहे। पिच से तेज गेंदबाजों को सुबह अधिक उछाल मिली जिसकी बदौलत साउदी ने चार विकेट चटकाए। वहीं अश्विन और जडेजा जैसे स्पिनरों को टर्न नहीं मिली।

अश्विन, जडेजा और अक्षर पटेल ने मिलकर 41 ओवर डाले और 92 रन दिए जबकि किसी को कामयाबी नहीं मिल सकी। वहीं ईशांत ने छह ओवर मे दस और उमेश ने 10 ओवर में 26 रन दिए। इससे पहले श्रेयस अय्यर अपने पदार्पण टेस्ट में शतक जमाने वाले 16वें भारतीय बल्लेबाज बने लेकिन अश्विन को छोड़कर निचले क्रम के बल्लेबाज न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का सामना नहीं कर सके। अश्विन ने 56 गेंद में 38 रन बनाए।

अपने कल के स्कोर 75 रन से आगे खेलते हुए अय्यर ने 171 गेंद में 105 रन बनाए। वह अपने पहले टेस्ट में शतक जमाने वाले भारत के 16वें क्रिकेटर बन गए। इस सूची में लाला अमरनाथ, गुंडप्पा विश्वनाथ, सौरव गांगुली, रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के नाम हैं। सुबह के सत्र में 81 रन बने लेकिन चार विकेट भी गिरे। यह सत्र साउदी के नाम रहा जिन्होंने 27.4 ओवर में 69 रन देकर पांच विकेट लिए। अपना 80वां टेस्ट खेल रहे साउदी 13वीं बार यह कमाल कर चुके हैं।

# कपिल देव ने हार्दिक पंड्या की काबिलियत पर उठाए सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव ने पूछा है कि क्या हार्दिक पंड्या को हरफनमौला कहा जा सकता है जबकि वह उतनी गेंदबाजी करते ही नहीं हैं। सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारतीय टीम के अभिन्न अंग पंड्या ने हाल ही में टी20 विश्व कप में सिर्फ दो मैचों में गेंदबाजी की। भारत टूर्नामेंट के ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया था।

अपनी फिटनेस से जुड़े कई मसलों का खुलासा नहीं करने के लिए भी पंड्या की आलोचना हो रही है। उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम में जगह नहीं मिली। भारत ने सीरीज 3– 0 से जीती। कपिल ने रॉयल कलकत्ता गोल्फ कोर्स पर कहा ,

**पिछले कुछ समय से हार्दिक पंड्या फिटनेस संबंधी समस्यायों से जूझ रहे हैं**

हरफनमौला कहलाने के लिए उन्हें दोनों काम करने होंगे। वह गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं तो क्या उन्हें हरफनमौला कहेंगे। वह चोट से उबर चुके हैं तो पहले उन्हें गेंदबाजी करने दीजिए।

भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा ,वह भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी के लिए उन्हें काफी मैच खेलने होंगे और अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इसके बाद ही हम कह सकेंगे। कपिल ने यह भी कहा कि कोच के रूप में राहुल द्रविड़ बतौर क्रिकेटर मिली कामयाबी से भी अधिक कामयाब होंगे। बकौल कपिल, वह अच्छे इंसान हैं और अच्छा क्रिकेटर भी हैं। वह बतौर क्रिकेटर जितना सफर रहा, कोच के रूप में उससे भी अधिक सफल होंगे। अपने पसंदीदा हरफनमौला के बारे में पूछने पर कपिल ने रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा का नाम लिया।

उन्होंने कहा , मैं आजकल क्रिकेट का सिर्फ मजा लेने जाता हूं। मेरा काम वही है। मैं आपके नजरिए से नहीं देखता। कपिल ने पसंदीदा हरफनमौला के बारे में कहा , मैं अश्विन का नाम लूंगा। वह जबर्दस्त हैं। जडेजा भी शानदार क्रिकेटर हैं लेकिन उसकी बल्लेबाजी बेहतर हुई है तो गेंदबाजी खराब हो गई है। श्रेयस अय्यर की तारीफ करते हुए कहा , जब युवा बल्लेबाज पदार्पण पर शतक बना रहे हों तो समझना खेल सही दिशा में जा रहा है।

## श्रेयस अय्यर ने अपने करियर में देखे हैं कई उतार–चढ़ाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वर्ल्ड कप 2019 में भारत के फ्लाप होने की कहानी नंबर चार के बल्लेबाज के इर्द–गिर्द रही थी, क्योंकि इससे काफी समय पहले से भारत के पास नंबर चार का बल्लेबाज नहीं था। ऐसे में चयनकर्ताओं ने श्रेयस अय्यर को सीमित ओवरों में नंबर चार पर मौका दिया और श्रेयस अय्यर, जो घरेलू क्रिकेट में लगातार दमदार प्रदर्शन कर रहे थे, उनको भारत की वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मौका दिया गया। वैसे तो श्रेयस अय्यर 2017 में ही भारत की टेस्ट, वनडे और टी20 टीम के साथ ट्रेवल कर चुके थे। टेस्ट क्रिकेट में वे आस्ट्रेलिया के खिलाफ बार्डर–गावस्कर टेस्ट सीरीज में विराट कोहली के बैकअप के तौर पर थे, जबकि टी20 और वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में उन्होंने डेब्यू किया था। हालांकि, वे टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 6 मैच और वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में भी 6 मैच खेलकर बाहर हो गए थे। भारतीय टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ताओं को श्रेयस अय्यर की याद उस समय आई, जब टीम को नंबर चार के बल्लेबाजी के लिए आलोचना झेलनी पड़ी।

## न्यूज डायरी



### हैदराबाद किसी भारतीय नहीं बल्कि सिर्फ एक ही विदेशी खिलाड़ी को करेगी रिटेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल में खेलने वाली सभी फ्रेंचाइजी इन दिनों इस बात के मंथन में लगी है कि अगले सीजन के लिए होने वाले मेगा आक्शन से पहले किसे रिटेन किया जाए और किसे रिलीज किया जाए। 30 नवंबर से पहले सभी टीमों को रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट सौंपनी है। आइपीएल 2022 के मेगा आक्शन से पहले सभी टीमों को चार खिलाड़ियों को इस निश्चित प्राइस पर रिटेन करने की छूट दी गई है। इसी क्रम में हैदराबाद की टीम दुनिया के बेस्ट स्पिनरों में शुमार राशिद खान को अपनी टीम में शामिल रखना चाहती है, लेकिन राशिद खान चाहते हैं कि उन्हें टीम में नंबर एक खिलाड़ी के तौर पर रिटेन किए जाए। हालांकि हैदराबाद फ्रेंचाइजी केन विलियमसन को नंबर एक खिलाड़ी के तौर पर टीम में रिटेन करना चाहती है। रिटेन किए जाने वाली नंबर एक और नंबर दो की पोजीशन के बीच 4 करोड़ रुपये का फर्क है। अब इस वजह से शायद हैदराबाद द्वारा दोनों खिलाड़ियों को रिटेन किए जाने की संभावना नहीं है।

### चार खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है मुंबई इंडियंस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल 2022 के लिए मुंबई इंडियंस सूर्यकुमार यादव को रिटेन नहीं कर सकती है। 31 साल के सूर्यकुमार ने आइपीएल में पहले कुछ सीजन में केकेआर के लिए खेले थे और इसके बाद वो साल 2018 में मुंबई की टीम के साथ जुड़े थे और ज्यादातर सीजन में उन्होंने इस टीम के लिए शीर्ष क्रम पर ही बल्लेबाजी की। कुछ रिपोर्ट के मुताबिक आइपीएल के अगले सीजन में लखनऊ और अहमदाबाद दो नई टीमें आ रही हैं और दोनों ही टीमों ने उन्हें साइन करने के लिए अप्रोच किया है। मुंबई इंडियंस टीम जिसको रिटेन कर सकती है उसमें कप्तान रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह हो सकते हैं। मुंबई फ्रेंचाइजी वेस्टइंडीज के आलराउंडर किरोन पोलार्ड को भी रिटेन करने पर चर्चा कर सकती है। वहीं मुंबई की तरफ से रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में ईशान किशन चौथे खिलाड़ी बन सकते हैं।

### भारतीय खिलाड़ी पाक के खिलाफ मैच शुरू होने से पहले ही डर गए थे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने कहा कि भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप 2021 के अपने मैच के शुरू होने से पहले ही दबाव में थी और डर गई थी। भारत ने अपने विश्व कप के पहले मैच में पाकिस्तान से 10 विकेट से हार का सामना किया। वनडे और टी20 प्रारूप के विश्व कप के सभी मैचों में ये भारत की पहली हार थी। इससे पहले भारत ने लगातार 12 बार पाकिस्तान को हराया था। पाकिस्तान के खिलाफ भारत वास्तव में शुरुआती झटकों के बाद से उबर नहीं सका था। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से हारकर टीम इंडिया सुपर 12 चरण से बाहर हो गई थी। हालांकि, भारत ने अफगानिस्तान, स्काटलैंड और नामीबिया के खिलाफ अपने अगले तीन मैच बड़े अंतर से जीते, लेकिन ये तीन मैचों में मिली जीत भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त नहीं थी।

### श्रेयस अय्यर ने डेब्यू टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ ठोका शतक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर आकाश चोपड़ा ने कानपुर टेस्ट मैच के पहले दिन कहा था कि चयनकर्ताओं ने हनुमा विहारी का हक छीनकर श्रेयस अय्यर को दे दिया, जो कि सही नहीं था। हालांकि, मैच के पहले दिन के आखिर तक श्रेयस अय्यर ने आकाश चोपड़ा समेत उन सभी आलोचकों को जवाब दे दिया, जो उनके खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे। इतना ही नहीं, मैच के दूसरे दिन उन्होंने शानदार शतक ठोककर आलोचकों का मुंह पूरी तरह बंद कर दिया। फर्स्ट क्लास क्रिकेट भले ही श्रेयस अय्यर लंबे समय से खेले नहीं थे, लेकिन उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में दिखा दिया कि उनमें काबिलियत है।